Alberta

**समाचार** विज्ञप्ति

# और भी अधिक एल्बर्टावासियों का शीघ्र टीकाकरण

03 मार्च 2021

---

## एल्बर्टा में COVID-19 के टीके की पहली और दूसरी खुराक के बीच की समयावधि बढ़ाई जा रही है।

10 मार्च से जो भी व्यक्ति टीके की पहली खुराक के लिए बुकिंग करेगा, उसकी दूसरी खुराक की समय-सीमा अधिकतम चार महीनों तक बढ़ा दी जाएगी, और दूसरा एपॉइंटमेंट बाद में बुक किया जाएगा।

उभरते हुए प्रमाणों से पता चलता है कि पहली खुराक के बाद गंभीर परिणामों से बचाव के लिए वर्तमान में स्वीकृत सभी टीकों की पहली खुराक की प्रभाविता कम से कम 80 प्रतिशत लगती है।

दूसरी खुराक के लिए 16-सप्ताहों की समयावधि एल्बर्टा को ब्रिटिश कोलंबिया और अन्य न्याय-क्षेत्रों के साथ संरेखित करती है।

यदि संघीय सरकार के पूर्वानुमान के अनुसार टीके की आपूर्ति होती है, तो हम एल्बर्टावासियों को यथाशीघ्र और सुरक्षापूर्वक खुराक उपलब्ध कराना जारी रखेंगे।

"हम हरेक एल्बर्टावासी के बचाव के लिए सबसे अच्छे उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर काम कर रहे हैं। यह परिवर्तन हजारों एल्बर्टावासियों को जल्द ही अपना टीका प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा, तथा यह सुनिश्चित करेगा कि हरेक व्यक्ति को दूसरी खुराक से भी संरक्षण प्राप्त हो। जितनी तेजी से हम एल्बर्टावासियों को टीका उपलब्ध करा सकते हैं, उतनी ही तेजी से हम पूरे प्रांत-भर में और भी अधिक प्रतिबंधों में ढील दे पाएँगे।"

*— टायलर शैंड्रो, स्वास्थ्य मंत्री*

"COVID-19 के प्रमाण क्रमवार विकसित हो रहे हैं। हमने अन्य न्याय-क्षेत्रों के शोध में देखा है कि मॉडर्ना या फाइज़र के टीके की एक खुराक प्रतिरक्षण में अत्यधिक बढ़ौत्तरी देती है, जोकि कम से कम 80 प्रतिशत संरक्षण है। हम वास्तविक समय में किए जा रहे अनुसंधान को प्रतिबिंबित करते हुए एल्बर्टावासियों को सर्वोत्तम संरक्षण देने के लिए अपनी टीकाकरण योजना में समायोजन करना जारी रखेंगे।"

*— डॉ. दीना हिनशॉ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य*

दूसरी खुराक के सभी मौजूदा एपॉइंटमेंट कायम रखे जाएँगे। 10 मार्च से पहले जिन्हें भी पहली खुराक प्राप्त होगी, उन्हें 42 दिनों के अंदर दूसरी खुराक प्राप्त होगी।

10 मार्च से आरंभ करते हुए पात्र एल्बर्टावासी केवल पहली खुराक के लिए ही एपॉइंटमेंट बुक करेंगे। उन्हें बाद में दूसरी खुराक के एपॉइंटमेंट के लिए एएचएस (AHS) या भागीदार फार्मेसी की ओर से याद दिलाने के लिए संदेश प्राप्त होगा।

1946 या इससे पहले जन्में एल्बर्टावासी कैलगरी, एडमोंटन या रेड डियर में भाग लेने वाली किसी फार्मेसी के माध्यम से एपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं। वे ऑनलाइन रूप से या 811 पर कॉल करके एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाओं (Alberta Health Services) के साथ भी एपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं।

एल्बर्टा की सरकार COVID-19 महामारी की प्रतिक्रिया में वक्र को मोड़ने, छोटे व्यवसायों को कार्यरत बनाए रखने और एल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली की सुरक्षा के लिए सटीक उपायों के माध्यम से जीवन और लोगों की आजीविकाओं की रक्षा कर रही है।

## त्वरित तथ्य

- आज तक एल्बर्टा में COVID-19 टीकों की 255,283 खुराकें दी गई हैं।
- COVID-19 टीकों की दो खुराकों के साथ 89,094 एल्बर्टावासियों का टीकाकरण पूरा हो चुका है।
- एल्बर्टा के टीकाकरण रॉलआउट के आगामी चरणों के बारे में और अधिक जानकारी आने वाले सप्ताहों में निर्गत की जाएगी।

# संबंधित जानकारी

- COVID-19 टीकाकरण कार्यक्रम

# मीडिया पूछताछ


स्टीव बिक
780-288-1735
प्रेस सचिव, स्वास्थ्य
(Press Secretary, Health)

टॉम मैकमिलन
780-422-4905
संचार सहायक निदेशक, स्वास्थ्य
(Assistant Director of Communications, Health)


*अन्य सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया वेबसाइट https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx पर जाएँ।*